एनएचपीसी NHPC
एक नवरत्न कंपनी

Great Place To Work® Certified FEB 2025-FEB 2026 INDIA

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**1 जनवरी , 2026**

**प्रिय साथियो,**

हम नव वर्ष 2026 में प्रवेश कर रहे हैं, इस अवसर पर मैं आप सभी को और आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ ।

विगत वर्ष महत्पूर्ण परिवर्तनों और उल्लेखनीय उपलब्धियों का रहा है और मुझे हमारी सामूहिक विकास यात्रा पर बहुत गर्व है। यह वर्ष भारत के जलविद्युत इतिहास और एनएचपीसी की विरासत में एक परिभाषित अध्याय के रूप में याद किया जाएगा । गत वर्ष को उत्सव के रूप में मनाते हुए, हमने 7 नवंबर 2025 को भव्य तरीके से स्वर्ण जयंती समारोह का समापन किया, जो स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण में पांच दशकों के योगदान को चिह्नित करता है। साथ में, हमने 2,000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट -2 (250 मेगावाट) के लंबे समय से प्रतीक्षित वाणिज्यिक प्रचालन को प्राप्त किया, 800 मेगावाट पार्बती-II परियोजना को सफलतापूर्वक चालू किया और 300 मेगावाट बीकानेर सौर परियोजना को चालू करके अपने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का विस्तार किया है। ये उपलब्धियां सिर्फ़ तकनीकी नहीं हैं, बल्कि ये कठिन क्षेत्रों और जटिल परिस्थितियों में कार्य करते समय आपके समन्वयशीलता, समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

पिछले वर्ष, कई प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद हमारे पावर स्टेशनों द्वारा संतोषजनक प्रदर्शन किया गया है। हमने 18 जून, 2025 को दैनिक 129.07 मि. यू. विद्युत उत्पादन का एक नया रिकॉर्ड बनाया है । मैं सभी पावर स्टेशनों के कार्मिकों से आग्रह करता हूँ कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के शेष तीन महीनों में निर्धारित विद्युत उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

हम नव वर्ष 2026 में कदम रख रहे हैं, "स्वच्छ ऊर्जा के सतत विकास के लिए वैश्विक अग्रणी संगठन" बनने की दिशा में हमारी विकास यात्रा को और भी अधिक गति देनी होगी। यह वर्ष हमारे लिए नई संभावनाओं और

अवसरों से परिपूर्ण है। हमारा ध्यान परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, प्रचालन उत्कृष्टता, नवाचार, विस्तार और विविधीकरण पर दृढ़ता से केंद्रित है। हम एआई और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ-साथ कई राज्यों में ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण, सौर ऊर्जा और पंप भंडारण योजनाओं की खोज करते हुए अपने पोर्टफोलियो को और बढ़ाने के लिए बाजार के अवसरों का लाभ उठाएंगे। एनएचपीसी वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अभिवृद्धि के भारत के विजन के प्रति दृढ़ संकल्प है।

दिसंबर 2025 के दौरान, मैंने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर में स्थित अपने पावर स्टेशनों और परियोजनाओं का दौरा किया और उनकी प्रगति की समीक्षा की। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद कार्य की प्रगति में तीव्रता देने के लिए हमारी परियोजना टीम का प्रयास अत्यधिक सराहनीय है।

ओ एंड एम विभाग द्वारा दिनांक 13-14 दिसंबर, 2025 को रणथम्भौर, राजस्थान में आयोजित पावर स्टेशन समन्वय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी, जिसमें प्रचालन दक्षता में सुधार, एआई सहित नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने, सैप(एसएपी) के क्रियान्वयन, संसाधनों के अनुकूलन आदि पर विचार-विमर्श किया गया। हमारे पावर स्टेशनों के प्रचालन में और सुधार के लिए नए विचारों को शुरू करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

**माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:**

- दिसंबर 2025 में एनएचपीसी का मासिक राजस्व ₹ 644.16 करोड़ रहा।
- दिसंबर 2025 माह के दौरान कुल विद्युत उत्पादन 757 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा तथा दिसंबर 2025 तक संचयी उत्पादन 20,531 एमयू रहा।
- एनएचपीसी द्वारा 6 दिसंबर 2025 को भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता को पुष्पांजलि अर्पित करके डॉ. बी.आर. अंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया।
- 15 दिसंबर 2025 को एनएचपीसी कार्यालय परिसर में नराकास, फरीदाबाद के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ “विकसित भारत की हिंदी” विषय पर एक राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- वर्ष 2025-26 के लिए एनएचपीसी की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीसरी तिमाही बैठक 16 दिसंबर, 2025 को आयोजित की गई। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों, पावर स्टेशनों और परियोजनाओं को राजभाषा शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।
- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाने के लिए 17 दिसंबर, 2025 को आयोजित कार्यक्रम में एनएचपीसी द्वारा सभी के लिए समावेशन, सुगम्यता और समान अवसरों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।
- एनएचपीसी महिला ब्रिज टीम ने दिनांक 17 से 19 दिसंबर 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित 29 वें इंटर सीपीएसयू ब्रिज टूर्नामेंट में टीम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक और युगल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि पुरुष कैरम टीम ने दिनांक 21 से 24 दिसंबर 2025 तक हैदराबाद में आयोजित 28वें इंटर सीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट में पुरुष डबल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- एनएचपीसी को पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) नेशनल अवार्ड 2025 में विशेष/प्रतिष्ठित प्रकाशन श्रेणी के अंतर्गत अपनी 'छोटा भीम और बड़ा बाँध' कॉमिक बुक के लिए प्रथम पुरस्कार और एनएचपीसी उपलब्धि पुस्तक के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

जैसा कि हम उत्कृष्टता का अनुसरण करते रहे हैं, आइए हम पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को दृढ़ता से बनाए रखें। हमारी वास्तविक शक्ति हमारे कार्मिकों में निहित है। आइए हम टीम वर्क और उत्साह की नई भावना के साथ आगे बढ़ें। हम सब मिलकर, यह सुनिश्चित करेंगे कि एनएचपीसी भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी रहते हुए विद्युत विकास और संधारणीयता में नई उपलब्धियां प्राप्त करेंगी ।

आप सभी को मंगलमय, स्वस्थ और समृद्ध नए वर्ष की शुभकामनाएं। मैं आपको और आपके परिवार को लोहड़ी, मकर संक्रांति और पोंगल के खुशी भरे त्योहारों के लिए भी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

## From CMD's Desk…




**1st January, 2026**

## Dear Colleagues,

As we usher into new year 2026, I extend my heartiest wishes to each one of you and your families.

The year gone by has been a period of profound transformation and remarkable achievements and I take immense pride in our collective journey. It will be remembered as a defining chapter in India's hydropower history and NHPC's legacy. We culminated our year-long Golden Jubilee celebrations in a grand manner on 7th November 2025, marking five decades of nation-building through clean energy. Together, we achieved the long-awaited commercial operation of Unit-2 (250 MW) of the 2,000 MW Subansiri Lower HE Project, successfully commissioned the 800 MW Parbati-II Project and significantly expanded our renewable footprint with the 300 MW Bikaner Solar Project. These achievements are not merely technical milestones, they are a testament to your resilience, dedication and commitment while working in challenging terrains and complex conditions.

Last year, our power stations performed satisfactorily despite various natural disasters. On June 18, 2025, a new record of 129.07 MU daily generation was set. I would urge all power stations to make every effort to achieve the set generation target in the remaining three months of the financial year 2025-26.

As we step into New Year 2026, our journey towards becoming a *"Global Leading Organization for Sustainable Development of Clean Power"* gathers even greater momentum. The year is full of new possibilities and opportunities for us. Our focus remains firmly on timely

completion of our projects, operational excellence, innovation, expansion and diversification. We shall avail market opportunities for further augmenting our portfolio while exploring green hydrogen, energy storage, solar power and pumped storage schemes across multiple states, coupled with adoption of AI and other technological advancements. NHPC remains steadfast in India's vision of 500 GW renewable energy capacity by 2030.

During December 2025, I visited our Power Stations and Projects in the Union Territory of Jammu & Kashmir and reviewed their progress. Our Project team's effort in propelling the progress of work despite difficult geographical conditions and adverse weather is highly commendable.

The Power Station Coordination Meeting organized by the O&M Department was successfully held on 13th-14th December 2025 at Ranthambore, Rajasthan wherein deliberation on improving operational efficiency, adoption of new technologies including AI, implementation of SAP, optimization of resources etc. was discussed in detail begetting new ideas for further improvement in operation of our Power Stations.

## Other major highlights of the month are:

- In December 2025, NHPC's monthly revenue stood at Rs. 644.16 crore.
- The total generation for the month of December 2025 was 757 MU and cumulative generation up to December 2025 was 20531 MUs.
- NHPC observed the 70th Mahaparinirvan Diwas of Dr. B. R. Ambedkar on 6th December 2025 by paying floral tributes to the chief architect of the Indian Constitution.
- A Rajbhasha seminar on the theme "विकसित भारत की हिंदी", alongwith a prize distribution ceremony, was organized under the aegis of NARAKAS, Faridabad at the NHPC Office Complex on 15th December 2025.
- The third quarterly meeting of the NHPC's Official Language Implementation Committee for the year 2025-26 was held on December 16, 2025. Official Language Shields and certificates were presented to the departments, power stations and projects for their outstanding performance in Rajbhasha implementation during the year 2024-25.
- NHPC reiterated its commitment to inclusion, accessibility and equal opportunities for all at an event held on December 17, 2025 to commemorate International Day of Persons with Disabilities.
- NHPC Women Bridge Team won Gold Medal in the Team Event and the Bronze Medal in the Pair Event at the 29th Inter CPSU Bridge Tournament held in New Delhi from 17th to 19th December 2025, while the Men's Carrom Team secured the Gold Medal in Men's Doubles at the 28th Inter CPSU Carrom Tournament held in Hyderabad from 21st to 24th December 2025.

- NHPC was awarded the first prize in the Special/Prestige Publication category for its 'Chhota Bheem Aur Bada Bandh' comic book and the third prize for the NHPC Achievement Book at the Public Relations Society of India (PRSI) National Awards 2025.

As we pursue excellence, let us steadfastly uphold the highest standards of transparency and integrity. Our true strength lies in our people. Let us move forward with a renewed spirit of teamwork and dynamism. Together, we shall achieve new milestones in growth and sustainability, ensuring that NHPC continues to remain at the forefront of India’s clean energy transition.

Wishing you all a very happy, healthy and prosperous New Year 2026. I would also like to extend my warmest wishes to you and your family for the joyous festivals of Lohri, Makar Sankranti and Pongal.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**